CIN No.:U60210RJ2008SGCO25819

जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर

रजि0 ऑफिस द्वितीय तल, पुराना महिला हॉस्टल, नेहरू पैलेस के पीछे, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर-302015

फोन नं. 0141-2744562, 2744776; फेक्स नं. 0141-2744562

Website:- www.jaipurbus.com; ईमेल-transport.rajasthan.gov.in/jctsl

# परिचयात्मक टिप्पणी






1. **<u>एस.पी.वी.का गठन</u>**

JnNURM योजना के अन्तर्गत जयपुर शहर में नगरीय बस सेवाओं के माध्यम से परिवहन व्यवस्था के सुचारु संचालन तथा नियंत्रण की दृष्टि से कम्पनीज एक्ट 1956 के अन्तर्गत वर्ष 2008 में एक विशेष संवाहक (Special Purpose Vehicle) के रुप में जेसीटीएसएल की स्थापना की गई है।

2. **<u>संगठनात्मक संरचना</u>**

राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग द्वारा दिनांक 09.06.2009 के द्वारा जयपुर शहर में नगरीय परिवहन सेवा (सिटी बस सर्विस) के लिये गठित जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (जेसीटीएसएल) के निदेशक मण्डल बैठक में (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) का पुनर्गठन निम्नानुसार किया गया हैः-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मेयर, नगर निगम, जयपुर | अध्यक्ष |
| 2. | आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर | निदेशक |
| 3. | सचिव, वित्त (व्यय) विभाग या उनका प्रतिनिधि संयुक्त सचिव स्तर का | निदेशक |
| 4. | मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जयपुर | निदेशक |
| 5. | निदेशक, स्थानीय निकास विभाग या उनका प्रतिनिधि (अतिरिक्त निदेशक स्तर का) | निदेशक |
| 6. | उपायुक्त पुलिस (यातायात), जयपुर | निदेशक |
| 7. | क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जयपुर | निदेशक |
| 8. | कार्यकारी निदेशक (परिवहन) आर.एस.आर.टी.सी.जयपुर | निदेशक |
| 9. | वरिष्ठ नगर नियोजक, नगर निगम, जयपुर | निदेशक |
| 10. | प्रबन्ध निदेशक, जेसीटीएसएल, जयपुर | निदेशक |

3. **<u>बसों की उपलब्धता</u>**

➢ **<u>फेज प्रथम</u>**

JnNURM योजना के अन्तर्गत जयपुर शहर हेतु 400 बसों को उपलब्ध कराये जाने हेतु राशि रुपये 142.82 करोड़ की सहायता उपलब्ध करायी गई। इस योजनान्तर्गत निम्न श्रेणी की बसें उपलब्ध करायी गईः-

| क्र.सं. | बसों की श्रेणी | बसों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सेमी लो फ्लोर नॉन ए.सी. बसें (650 एम.एम.) | 260 |
| 2. | लो फ्लोर ए.सी. बसें (400 एम.एम.) | 60 |
| 3. | नॉन ए.सी.मिनी बसें (900 एम.एम.) | 20 |
| 4. | स्टेण्डर्ड फ्रंट इंजिन बसें (900 एम.एम.) | 60 |
| | **योग** | **400** |

केन्द्रीय सरकार के नगरीय विकास मंत्रालय द्वारा 400 बसों की खरीद हेतु केन्द्र सरकार की 50% का अनुदान, शेष 20% राज्य सरकार तथा 30% नगरीय निकाय द्वारा वहन किया गया है।

➢ **फेज द्वितीयः**

JnNURM फेज द्वितीय के अन्तर्गत जयपुर शहर हेतु आवंटित राशि की प्रथम किस्त राशि रू 30.79 करोड स्वीकृत की गई है। यह राशि जेसीटीएसएल की मांग पर बस संचालन के लिए प्राइवेट ऑपरेटर को अनुबन्धित कर लिये जाने पर जारी की जावेंगी।

इस फेज हेतु निम्न प्रकार बसों के क्रय की कार्य योजना हैः–

| **S. N.** | **Type of Buses** | **Make** | **Number of Buses** |
|---|---|---|---|
| 1. | 650mm Front Engine fitted Diesel AC Buses BS-III (UBS-II) | Ashok Leyland (New Buses) | 10 |
| 2. | 650mm Front Engine fitted Non AC Midi Buses | | 30 |
| 3. | 650mm Front Engine fitted Non AC Buses BS-III | | 60 |
| **Total** | | | **100** |

दिनांक 15.12.2016 को प्रमुख शासन सचिव, वित्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिये निर्णय अनुसार जेसीटीएसएल में उपलब्ध crew के आधार पर 100 बसें क्रय करने पर सहमति दी गई है। इन बसों के संचालन को Net Cost PPP Model के स्थान पर Gross Cost PPP Model पर निजी संचालक के चयन कर संचाललित किये जाने का निर्णय किया गया है। बसों की उपलब्धता (Procurement) राज्य सरकार के निर्देशानुसार PPP Model (Gross Cost) पर निजी बस संचालकों के चयन तक स्थगित की गई है।

उक्त बसों के ग्रास कॉस्ट पीपीपी मॉडल पर संचालन हेतु संचालक के चयन की प्रकिया आंरभ कर दी गई हैं। दिनांक 27.06.2016 को इसकी निविदा खोली जायेंगी।

JnNURM के प्रथम फेज की भांति ही फेज द्वितीय में प्राप्त होने वाली बसों का प्रबन्धन किये जाने का प्रावधान हैं।

4. **<u>बस संचालन</u>**

जे.सी.टी.एस.एल. द्वारा जुलाई, 2010 से बसों का वाणिज्यिक संचालन आरंभ किया गया।

माह अक्टूबर, 2013 तक इन बसों का संचालन राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के साथ समझौते के अन्तर्गत करने के उपरांत अब जेसीटीएसएल द्वारा स्वयं के भर्ती किये गये 661 चालक और 980 परिचालकों से किया जा रहा है। राजस्थान परिवहन निगम द्वारा अब आगार व पर्यवेक्षणीय स्टाफ ही उपलब्ध कराया गया है । जे.सी.टी.एस.एल. की 120 बसों का संचालन तथा मेंन्टीनेन्स 10 वर्ष के लिये पीपीपी मोड़ (Gross Cost) पर निजी बस संचालन के माध्यम से कराया जा रहा है जो वर्तमान में विद्याधर नगर 'ब' आगार के अधीन हैं। शेष 95 विघाधर नगर 'अ' आगार 185 नॉन एसी बसों का सांगानेर आगार द्वारा संचालन किया जा रहा है।

वर्तमान में 21 नगरीय एवं 7 उपनगरीय मार्गो पर बस सेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

5. **<u>फेरी बस सेवा</u>**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार रामनिवास बाग पार्किग को दृष्टिगत रखते हुए फेरी बस सेवाओं के रुप में चार ए.सी. मिनी बसों का क्रय कर यात्रियों की सुविधा हेतु निःशुल्क संचालन किया जा रहा है। जिसके विरुद्ध जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्तमान में प्रतिमाह रु. 5.00 लाख का भुगतान किया जा रहा है।

6. **<u>पी.पी.पी. मॉडल पर बस संचालन</u>**

विद्याधर नगर आगार के माध्यम से 120 बसों (60 लो फ्लोर एसी बसें तथा 60 स्टेण्डर्ड फ्लोर नॉन एसी बसों) का संचालन निजी बस संचालक द्वारा पीपीपी (Gross Cost) मॉडल पर किया जा रहा है। 10 वर्षो के पश्चात् अनुबंध में निर्धारित राशि जमा कराये जाने पर इन बसों का स्वामित्व निजी संचालक को स्थानांतरित होगा।

निजी संचालक को जेसीटीएसएल द्वारा निर्माण/ढांचागत सुविधायें उपलब्ध करायी गई है। बसों के लिए चालक, संचालन व्यवस्था व सम्पूर्ण रख-रखाव निजी ऑपरेटर (संचालक) के स्तर पर किया जा रहा है।

जेसीटीएसएल द्वारा शिड्यूल, मार्ग किराया, राजस्व संग्रहण तथा डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

वर्तमान में सांगानेर आगार के अधीन संचालित 280 बसों के पीपीपी (Net Cost) मॉडल जिसमें रख-रखाव एवं संचालन आदि का समस्त उत्तरदायित्व ऑपरेटर का होगा, बस संचालक का चयन किया जाकर दिनांक 31.3.16 को (कार्यादेश) जारी किया जा चुका है। उक्त संचालन में से प्रथम चरण में 95 बसों का संचालन किया जा चुका हैं। इन बसों का संचालन विधाधर नगर अ आगार से किया जा रहा हैं। द्वितीय चरण में शेष 185 बसें सांगानेर आगार से PPP Net Cost Model पर संचालन हेतु कम्पनी को शीघ्र सुपुर्द की जा रही है।

7. 280 बसों के निजी संचालक को पीपीपी मॉडल पर देने से अधिशेष रहे चालक परिचालकों को RSRTC में Reverse deputation पर भेजे जाने की कार्यवाही प्रकियाधीन हैं।

8. <u>यात्री सुविधाओं का विकास</u>

जयपुर शहर में जेसीटीएसएल द्वारा यात्री सुविधाओं में सुधार व विकास हेतु 150 बस-क्यू-शैल्टर्स का निर्माण कराया गया है। जिन पर विज्ञापन प्रदर्श तथा रख-रखाव का दायित्व निजी कम्पनी को दिया गया है। यात्री सुविधाओं के ओर विस्तार के उद्धेश्य से 100 नये बस-क्यू-शैल्टर्स हेतु सर्वे करवाये जा रहे है।

जेसीटीएसएल बसों में समाज की विभिन्न श्रेणियों के नागरिकों को राजस्थान परिवहन निगम की भांति रियायती यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है।

माह फरवरी, 2015 से दैनिक यात्रियों की सुविधा हेतु मासिक पास सुविधा पुनः आरम्भ कर दी गई है।

JCTSL की बसों में प्रतिदिन लगभग 1.80 लाख यात्री यात्रा कर रहें है।

9. **<u>ऑफ–रोड वाहन</u>**

उक्त 88 ऑफरोड बसों को रिपेंयर किया जाकर संचालित कर दिया गया हैं।

10. **<u>ITMS</u>**

नवीनतम व आधुनिक आई.टी. के प्रयोग के क्रम में जे.सी.टी.एस.एल. द्वारा राजस्थान परिवहन निगम द्वारा अनुमोदित मैसर्स ट्राईमैक्स आई.टी. इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विसेज लि. के साथ अनुबंध कर पीपीपी ऑपरेटर द्वारा पूर्व संचालित 120 बसों में यात्रियों को ई.टी.एम. मशीन द्वारा टिकिट जारी किया जा रहा है।

निजी संचालक (मैसर्स हरीश ट्रांसपोर्ट) द्वारा भी जेसीटीएसएल की बसों में ETM तथा GPS की सुविधा की जा रही हैं।

11. **<u>गैर संचालन आय</u>**

जेसीटीएसएल द्वारा बस–क्यू–शैल्टर्स के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्श किया जा रहा है जिससे प्रतिवर्ष रु. 2.62 करोड की औसत गैरसंचालन आय प्राप्त होने का अनुमान है।

12. **<u>GEF-5</u>**

विश्व बैंक तथा नगरीय विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जेसीटीएसएल का Efficient and Sustainable City Bus Service Project Global Enviornmental Facility (GEF) हेतु चयन किया गया है। इस प्रोजेक्ट हेतु राशि रुपये 10.00 करोड़ के अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। इस सम्बन्ध में दिनांक 31.05.2016 की बैठक में उक्त राशि दिये जाने के सम्बन्ध में अनुबन्ध का निष्पादन कर लिया गया हैं।

उक्त प्रोजेक्ट का उद्देश्य आगारों के योजना प्लानिंग, निर्माण कार्य, अपग्रेडेशन, आधुनिकीकरण व नवीनतम तकनिकी की मशीनरी, इक्यूपमेन्ट तथा सोलर पावर इत्यादि आधारभूत सुविधाओं का विकास करना है। इस परियोजना हेतु आधुनीकरण, सोलर उर्जा के उपयोग व MIS हेतु DPR वर्ल्ड बैंक में प्रस्तुत करने हेजु सलाहकार द्वारा तैयार की जा रही है।

13. <u>**दो अतिरिक्त बस डिपो का निर्माण**</u>

- जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड, टोडी पर आरक्षित भूमि पर केन्द्रीय सहायता व आरटीडीआईएफ फण्ड से राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के माध्यम से डिपोसिट वर्क स्कीम के तहत डिपो निर्माण की कार्यवाही हेतु निविदा की कार्यवाही प्रकियाधीन है। उक्त आरक्षित 20000 वर्गमीटर भूमि पर बस डिपों के निर्माण के लिए RTIDF फण्ड से राशि रु 6.00 करोड स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में निर्माण कार्य प्रकिया में हैं।
- इसी प्रकार आगार रोड बगराना में भी जेसीटीएसएल को आगार एवं कार्यशाला निर्माण हेतु जविप्रा द्वारा 10 बीधा भूमि का आवंटन किया जा चुका है। जेएनएनआरयूएम के द्वितीय फेज में प्राप्त होने वाली नवीन बसों का सुगमता से संचालन किया जा सकेगा। इसी प्रकार बगराना स्थित भूमि पर निर्माण हेतु राशि रु 18.75 करोड स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त कार्य राविल द्वारा किया जा रहा है।

14. Resurgent Rajasthan Summit 2015 के दौरान माह नवम्बर 2015 में जेसीटीएसएल की समस्त बसों का एकरुप रंग संयोजन (uniform color) किया गया साथ ही इन बसों के रख-रखाव एवं धुआं प्रदूषण से मुक्त करने हेतु विशेष अभियान चलाये गये।

Thank You